# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

ऐडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट

**आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२**

**सत्र २०२६-२०२७**

**कक्षा २ विषय- हिंदी**

## सर्वनाम

**परिभाषा - वे शब्द जो संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं , उन्हें सर्वनाम कहते हैं।**

**जैसे - मैं, तुम, वह, आप, उसका, अपना, हम, मेरा, मैंने, यह आदि।**

**उदाहरण -**

**1 यह मेरी पुस्तक है।**

**2 तुम अपने - आप चले जाना।**

**3 हम भारत में रहते हैं।**

## सर्वनाम शब्द छाँटो

**1 यह मेरा खिलौना है।**

**2 तुम्हारा घर कहाँ है ?**

**3 वह विद्यालय जाती है।**

**4 हम क्रिकेट खेल रहे हैं।**

**5 मैंने अपना काम पूरा कर लिया।**

## उचित सर्वनाम शब्द भरो –

1__________ पार्क में खेल रहे हैं। ( वे / वह )

2 ___________ किताब बहुत अच्छी है। (यह / हम )

3 क्या ___________ खाना खा लिया? (आपने / आप )

4 ___________ पढ़ाई कर रहे हैं। (वह / हम )

5 आप __________ घर चलिए। (मेरे / मैं)